दैनिक भास्कर | मंदसौर | रतलाम, रविवार 29 मई, 2016

वर्कशॉप

मंदसौर यूनिवर्सिटी में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स ने संबोधित किया

विद्यार्थियों को दी साइबर क्राइम की जानकारी

भास्कर संवाददाता | मंदसौर

मंदसौर यूनिवर्सिटी में शनिवार को सायबर क्राइम जागरूकता पर वर्कशॉप हुई। मुख्य वक्ता अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स वरुण कपूर, एसपी पुलिस रेडियो स्कूल इंदौर सुदीप गोयनका थे।

एग्जीक्यूटिव चेयरमैन राहुल नाहटा ने स्वागत भाषण दिया। इसके बाद अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स कपूर ने बताया इंटरनेट कम्प्यूटर एवं मोबाइल के युग में किसी भी व्यक्ति की पहचान चुराकर उसके बैंक खातों में गड़बड़ी करना, सरकारी गोपनीय सूचनाओं को चुराना, सोशल मीडिया साइट्स जैसे जीमेल, फेसबुक आदि को हैक करना, गलत जानकारी पोस्ट करना आदि साइबर क्राइम के अंतर्गत आते हैं। इस दौरान उन्होंने साइबर सिक्युरिटी तथा साइबर क्राइम के सामाजिक एवं तकनीकी पहलुओं का विस्तृत विवरण दिया। एसपी रेडियो ट्रेनिंग स्कूल गोयनका ने भी जानकारियां दीं। इस दौरान समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थी मौजूद थे। दो विद्यार्थियों आर्ची व्यास तथा दीपिया जैन को पुलिस रेडियो ट्रेनिंग स्कूल द्वारा सर्टिफिकेट दिए गए। चांसलर नरेंद्र नाहटा ने अतिथियों को प्रशंसा-पत्र प्रदान किए। अंत में यूनिवर्सिटी की वाइस चांसलर डॉ. शालिनी गुप्ता ने आभार माना।

कार्यशाला में मौजूद विद्यार्थी। इनसेट : वर्कशॉप में उपस्थित अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक नारकोटिक्स कपूर, एसपी पुलिस रेडियो स्कूल गोयनका व चांसलर नाहटा।